पुनरावृत्ति पाठ 9,10

DATE 3.2.25
PAGE No. 1

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा - आठवीं    शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पुनरावृत्ति) (पाठ-9 'रानी की समाधि पर', पाठ-10 अलबम)
पुस्तक - नवतरंग - 8

सुप्रभात प्यारे बच्चो!
इस सप्ताह आपको पाठ - 9, 10 और 11 की पुनरावृत्ति भेजी जाएगी। सब बच्चे इस दिए गए कार्य को ध्यान से पढ़ेंगे फिर इन प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न-1 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो :-

बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी।
खूब लड़ी मर्दानी वह थी, झाँसी वाली रानी।।
यह समाधि यह चिर समाधि है, झाँसी की रानी की।
अंतिम लीलास्थली यही है, लक्ष्मी मरदानी की।।

— 'रानी की समाधि पर' —
कवयित्री - सुभद्रा कुमारी चौहान

(क) रानी किसलिए वीरगति को प्राप्त हुई थीं? कविता की किस पंक्ति से आपको यह पता चला?
(ख) 'बुंदेले हरबोलों' के मुख से किसकी कहानी कवयित्री ने सुनी थी?
(ग) स्वतंत्रता आंदोलन में लक्ष्मीबाई का क्या योगदान है?
(घ) शब्दों के अर्थ लिखो :-
फूल, श्रद्धा, गिरा, गाथा।

प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो :-

लाला सदानंद ऐसी सज्जनता न दिखाते और शादीराम को बार-बार तगादा करके तंग करते, तो उन्हें ऐसा मानसिक कष्ट न होता। हम अत्याचार का सामना सिर उठाकर कर सकते हैं, परंतु भलमनसी के सामने आँखें नहीं उठतीं।
(पृष्ठ-1)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी साहित्य (पुनरावृत्ति पाठ-9, पाठ-10)

एक दिन लाला सदानंद किसी काम से पंडित शादीराम के घर गए और उनकी अलमारी में से कई सौ बांग्ला, हिंदी, अंग्रेज़ी आदि भाषाओं की मासिक पत्रिकाएँ देखकर बोले- "यह क्या"

— अलबम —
लेखक- सुदर्शन

(क) लाला सदानंद ने झूठ क्यों बोला था?
(ख) पंडितजी ने पुरानी पत्रिकाओं में से कितने चित्र एकत्रित कर लिए थे तथा उन्हें देखकर पंडितजी को कैसा अनुभव हो रहा था?
(ग) लाला सदानंद पंडित जी के घर क्यों गए? वहाँ जाकर उन्होंने क्या देखा?
(घ) शब्दों का अर्थ लिखो:-
विज्ञापन, परचे, विचित्र, चाव।

*———*

(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner